एनसीवेब में दाखिले आज से, पहली कटऑफ जारी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। नॉन कॉलेजिएट वुमन एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) ने गुरुवार को पहली कटऑफ जारी की। सबसे अधिक कटऑफ मिरांडा हाउस ने बीए-बीकॉम प्रोग्राम में 88 फीसद रखी। दाखिले शुक्रवार से होंगे।

डीयू की ओर से जारी कटऑफ में मिरांडा हाउस कॉलेज ने बीकॉम प्रोग्राम में पिछले साल की अपेक्षा एक फीसदी की कमी की। विगत वर्ष यह कटऑफ 89 फीसदी थी। बीए प्रोग्राम में हिस्ट्री और पोलिटिकल साइंस में कटऑफ सामान्य वर्ग के लिए भी 88 फीसदी है, जबकि पिछले साल यह 91 फीसदी थी। लगभग सभी कॉलेजों ने विगत वर्ष की अपेक्षा इस साल कटऑफ में कमी की है। अभ्यर्थी एनसीवेब की वेबसाइट **https://ncweb .du. ac.in/** पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

एनसीवेब के दो स्नातक कार्यक्रम बीए और बीकॉम में दिल्ली विश्वविद्यालय के 26 कॉलेजों में लगभग 15,000 सीटों पर दाखिला होना है। बीए प्रोग्राम में सीटों की कुल संख्या 9230 और बीकॉम में 5980 हैं। डीयू ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी अभ्यर्थी ने गलत जानकारी देकर दाखिला लिया तो वह रद्द कर दिया जाएगा। पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद ऐसा पाया जाता है, तो उसकी डिग्री रद्द कर दी जाएगी और उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

समय पर दस्तावेज जमा करना जरूरी

एनसीडब्ल्यूईबी प्रशासन का कहना है कि निर्धारित तिथि और समय के भीतर दस्तावेज को जमा नहीं कराने पर उम्मीदवार का प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। प्रवेश के संबंध में किसी भी जानकारी या सूचना के लिए इस ईमेल पर **help deskncweb @g mail.com** और इस नंबर 27667640 पर संपर्क कर सकते हैं।

डीयू के पहले चरण में 65 हजार छात्रों के प्रवेश

डीयू में पहली काउंसलिंग के तहत बुधवार रात 12 बजे तक 65,843 छात्रों ने दाखिले के लिए फीस का भुगतान किया। डीयू ने 71,600 निर्धारित सीट होने के बाद भी 97,387 सीटें आवंटित की थीं। डीयू का कहना है कि पहली काउंसलिंग के तहत कुल 83,678 छात्रों ने आवंटन स्वीकारा था।